

## एक नजर में

### उज्जैन जा रहे कावड़ियों का स्वागत

**पडाना 13 जुलाई, सं.** मऊ तलेन रोड पर स्थित छोटे से कस्बे बुडनपुर गांव के पूर्व तत्कालीन सरपंच स्व. कुंवर मेहरबान सिंह की याद में कावड़ यात्रा निकल गई. जो बुडनपुर गांव से 120 किलोमीटर पैदल चलकर उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुई. इसी दौरान मार्ग के मध्य आने वाले विभिन्न ग्राम के ग्रामीण जनों ने कावड़ यात्रियों का जगह-जगह स्वागत व सत्कार किया गया. इसी के चलते शनिवार पड़ाना नगर के गांधी चौक टेंपो स्टैंड पर श्री राम मंदिर परिसर पर पैदल जा रहे कावड़ यात्रा के जत्था का ग्रामीण महेश पुरी गोस्वामी, विशाल व्यास, सागर व्यास, केशव सक्सेना, दिनेश सेन, सचिन सक्सेना, लखन गुप्ता, राजेश खाती, भावेश गुर्जर, हेमंत पुरी इत्यादि ने स्वागत किया.

### नाली को नहीं किया व्यवस्थित

**जीरापुर 13 जुलाई, सं.** माचलपुर-सुसनेर नाका पर रायल स्कूल आरा मशीन के सामने तेज बारिश के कारण नाली का निकासी मार्ग सही नहीं होने के कारण नाली का पानी दुकानों में जा घुसा जिससे दुकानदारों को असुविधा हुई. जानकारी के मुताबिक रायल स्कूल के सामने नगर परिषद की नाली बनी हुई है लेकिन उस नाली को आगे बन्द होने से जैसे ही बारीश होती है पानी दुकानों में भरा जाता है इससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है. शनिवार सायंकाल को अकस्मात हुई बारिश से यही स्थिति निर्मित हुई. इस समस्या से परेशान दुकान मालिक एवं अन्य दुकानदार विधायक हजारीलाल दांगी के पास पहुंचे जहां पर नगर परिषद की लापरवाही एवं अनियमित व्यवस्था की शिकायत की. विधायक ने तुरंत सीएमओ तथा उपयंत्री को फटकार लगाई तब तत्काल अमला मौके पर पहुंचा और नाली में भरा कचरा मिट्टी निकाली.

### प्रोग्रेसिव स्कूल में हुई प्रतियोगिताएं

**ब्यावर 13 जुलाई, का.** प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल, ब्यावर में आईसीएससी जोनल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम ग्वालियर ज़ोन के अंतर्गत हुआ. जिसमें जोन के स्कूलों ने भाग लिया. प्रतियोगिताओं में अनेक सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ जैसे पेंटिंग रचनात्मक लेखन डिक्लेमेशन (भाव-भाषण) वाद-विवाद, क्विज़ आदि कराई गई. इन प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने अपनी मौलिकता, आत्मविश्वास, भाषा-कौशल और तर्कशक्ति से सभी को प्रभावित किया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुआयामी मंच प्रदान करना था ताकि वे सौहार्दपूर्ण प्रतिस्पर्धा के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखार सकें.


**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

B.ed आवेदन प्रक्रिया 2025-26

तृतीय चरण कॉलेज कोड - 384

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 25/06/25 से 30/06/25 तक

दस्तावेज का ऑनलाईन सत्यापन 26/06/25 से 01/07/25

सीट आवंटन 05/07/25
हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट कराना 09/06/24 से 13/06/24 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना दिनांक 05/07/25 से 11/07/25

नोट प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कालेज कोड 384 का चयन करे.

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh

26 जून से -26 जुलाई 2025


# पंचायत, मंदिर, दालान में लग रही शालाएं

## अत्यधिक जर्जर भवनों के चलते अन्यत्र शिफ्ट किए स्कूल

**बारिश के मौसम में बच्चों की सुरक्षा को लेकर लिया निर्णय**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 जुलाई, का. पढ़ाई के स्तर को बेहतर बनाने शासन द्वारा लाखों, करोड़ो रुपये खर्च कर बच्चों को शासकीय स्कूलों में अच्छी से अच्छी पढ़ाई की सुविधा देने के प्रयास किए जा रहे है वहीं जिले में ही दर्जनों की संख्या में ऐसे शासकीय शाला भवन है जिनको अपनी मरम्मत का इंतजार है. जर्जर भवनों में जोखिम उठाकर नौनिहाल पढ़ाई करने को मजबूर है. बारिश को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से अत्यधिक जीर्णशीर्ण भवनों वाली शालाओं को यहां से अन्यत्र शिफ्ट किया गया है. ब्यावरा विकासखण्ड में 12 शालाओं को पंचायत भवन, मंदिर प्रांगण, आंगनवाड़ी भवन, निजी घर, दालान में शिफ्ट किया गया है.**



विदित है कि जिले की 393 प्राथमिक शालाओं की मरम्मत हेतु जिले से प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को बारिश पूर्व भेजा जा चुका है. नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों की संख्या में ऐसे शासकीय स्कूल भवन है जिनकी छत, दीवार, फर्श टूटफूटकर बदहाल अवस्था में है. मजबूरी में ऐसे ही जर्जर भवनों में बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर है.

ब्यावरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अमरपुरा, प्रावि जामन का पूरा, प्रावि बरखेड़ी (अमरगढ़), प्रावि सारस्याबे, प्रावि कादियाखेड़ी सहित दर्जनों शाला भवन ऐसे है जहां जल्द मरम्मत किए जाने की आवश्यकता है.

### 12 शालाएं अन्यत्र शिफ्ट

ब्यावरा विकासखण्ड की 12 ऐसी शालाएं जिनके भवन बहुत ही अधिक दयनीय स्थिति में होने से शिक्षा विभाग द्वारा बारिश के मौसम में इन शालाओं को किसी घर, दालान या हॉल में शिफ्ट कर दिया गया है ताकि भविष्य में किसी प्रकार का कोई खतरा न हो. अधिकतर शालाएं ग्रामीण क्षेत्र में है.

जिन शाला के भवन अत्यधिक जर्जर है उन शालाओं को सुरक्षा की दृष्टि से अन्यत्र शिफ्ट किया गया है. सर्वे उपरांत जर्जर शाला भवनों के संबंध में विस्तृत जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जा चुकी है.

**करण सिंह भिलाला**
**जिला शिक्षाधिकारी, शिक्षा विभाग राजगढ़**

### ग्रामीणों ने सहर्ष दी जगह

सुरक्षा की दृष्टि से ऐसी जर्जर शालाओं का अन्य जगह शिफ्ट करने हेतु अपने घर, दालान या हॉल में बच्चों की पढ़ाई के लिए ग्रामीणजनों द्वारा सहर्ष जगह दे दी गई जहां वर्तमान में शालाएं संचालित की जा रही है.

### इन जगह लग रही शालाएं

जानकारी के अनुसार प्रावि अमरपुरा मंदिर प्रांगण में, प्रावि सारस्याबे आंगनवाड़ी भवन, प्रावि ढण्ड आंगनवाड़ी भवन, प्रावि नाल्यािखेड़ी निजी भवन, प्रावि बेडाबे पंचायत भवन, प्रावि जामन का पुरा निजी भवन, प्रावि कांदियाखेड़ी निजी भवन, प्रावि बागडियाखेड़ी निजी भवन, प्रावि बरखेड़ी (अमरगढ़) आंगनवाड़ी भवन, प्रावि माताण्ड ब्यावरा ऑडिटोरियम भवन में संचालित की जा रही है.



# 3 करोड़ से बनेगा कॉलेज भवन पर स्थाई स्टॉफ आधा ही

**शासकीय कॉलेज के नवीन भवन के ऊपर निर्माण शुरु**

**कक्ष बनने से अध्यापन कार्य में होगी सुविधा**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 जुलाई, का. नगर के शासकीय कॉलेज परिसर में निर्मित नवीन भवन के ऊपरी तल पर भी निर्माण कार्य शुरु हो गया है. यहां 3 करोड़ से अधिक की लागत से कक्ष, स्टॉफ रुम आदि बनाएं जाएंगे. इससे अध्यापन कार्य में सुविधा हो सकेगी किंतु शासकीय कॉलेज में स्थाई स्टॉफ की संख्या आधे से भी कम है.**

विदित है कि स्थानीय राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलेज में कुछ माह पूर्व नवीन भवन बनकर तैयार हुआ है जिसमें कक्षाएं संचालित की जाती है. अब इस भवन के ऊपरी तल पर भी 3 करोड़ 14 लाख की लागत से बनने वाले भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है. ऊपरी तल पर 6 कक्ष, 2 स्टॉफ रुम, लेटबॉथ आदि का निर्माण किया जाएगा. कक्ष बनने से अध्यापन कार्य में काफी सुविधा होगी.

**स्थाई 28 में से 13 ही स्टॉफ**

शासकीय कॉलेज में विभिन्न विषयों के लिए 28 प्रोफेसर के पद स्वीकृत है जिनमें वर्तमान में 13 ही पद भरे हुए है. शेष 15 पद रिक्त है जिनमें से 13 पर अतिथि विद्वान है. जबकि बॉटनी एवं जोलॉजी विषय में पद रिक्त पड़े है. ऐसे में विद्यार्थियों की पढ़ाई में व्यवधान पहुंच रहा है. शासन द्वारा भले ही एक तरफ लाखों, करोड़ों की लागत से भवन, संसाधन की सुविधा प्रदान की जा रहे है किंतु जब पढ़ाने वालों का ही टोटा होगा तो फिर सुचारु अध्यापन कैसे संभव होगा.

नवीन भवन के ऊपरी तल पर 3 .14 करोड़ की लागत से भवन का निर्माण किया जा रहा है. इससे अध्यापन कार्य में सुविधा होगी. स्थाई स्टॉफ के रिक्त पदों पर अतिथि विद्वानों को रखा गया है. जिनके द्वारा अध्यापन कार्य कराया जा रहा है.

**आर .के . गुप्ता**
**प्राचार्य, शासकीय कॉलेज ब्यावरा**

# सावन के पहले सोमवार मंदिरों में लगेगा तांता

## प्राचीन शिवालयों, शिव मंदिरों में होंगे धार्मिक अनुष्ठान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 जुलाई, का. आज से सावन माह के पहले सोमवार को शिव मंदिरों, प्राचीन शिवालयों में भोलेनाथ के जयकारें, भजन गूंज उठेंगे. धार्मिक अनुष्ठान होंगे. दर्शन, पूजा-अर्चना करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ेगी.**

आज सावन माह का पहला सोमवार है. शिवालयों, शिव मंदिरों में प्रात: से ही धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत होगी. हाथीखाना, किल्लेवाला घाट, बस स्टेण्ड के सामने सेठजी के बगीचे स्थित प्राचीन शिवालयों, श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर द्धाद्वश ज्योर्तिलिंगेश्वर महादेव सहित नगर के शिव मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, आकर्षक श्रृंगार, महाआरती, भजन-कीर्तन के आयोजन होंगे.

**नरसिंहगढ़, घुरेल पहुंचेंगे श्रद्धालु** - नरसिंहगढ़ में बड़े एवं छोटे महादेव मंदिर सहित शिवालयों, शिव मंदिरों एवं घुरेल स्थित भगवान पशुपतिनाथ मंदिर धाम पर सावन माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे. नरसिंहगढ़ में सावन माह में मेला भी लगा है. यहां जिले सहित दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते है.

### छोटे-बड़े महादेव मंदिर पर पहुंचेंगे हजारों श्रद्धालु



**नरसिंहगढ़ 13 जुलाई, सं.** नगर में आज सावन के पहले सोमवार की खासी धूम दिखाई देगी. खासकर बड़ा एवं छोटा महादेव मंदिर पर सावन सोमवार की विशेष तैयारियां की गई है. यहा हजारो की तादात में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते है. बड़ा महादेव पुजारी पं. आशीष शर्मा एवं छोटा महादेव पुजारी ने बताया कि सोमवार सुबह भगवान महादेव का अभिषेक, श्रृंगार कर श्रद्धालुओ के दर्शन हेतु मंदिर के पट खोले जाऐंगे. वही शाम को महाआरती की जाएगी. इसके अलावा खजूरपानी, गुप्तेश्वर, नादिया पानी, कोदू पानी, एवं अन्य शिवालयो पर भी सावन सोमवार पर विशेष आयोजन सम्पन्न किए जाऐंगे.

### आज लगेगा मेला -

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मेला ग्राउंड पर भव्य मेला आयोजित होगा. मेला ग्राउन्ड में बच्चो के मनोरंजन हेतु दर्जनो छोटे-बड़े झूले और सोफ्टी की दुकाने सजी हुई है. खासकर आसपास ग्रामीण क्षेत्रो के हजारो लोग मेले का आनंद लेने यहां आते है.

# राज्यमंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 13 जुलाई, सं.** तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डा. गौतम टेटवाल ने सेवा सदन कार्यालय में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनीं और उन्हें शीघ्र एवं प्रभावी समाधान का विश्वास दिलाया.

आमजन ने पीएम आवास, बिजली, पानी, सड़क और रोजगार से संबंधित मांग रखी. मंत्री ने सभी समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया. इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, संडावता मंडल विनोद पाटीदार, गुलावता मंडल अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पढ़ाना मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा, मंडल महामंत्री कमल राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित थे.



### 11 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

**जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण**

**जीरापुर 13 जुलाई, सं.** शिक्षा के क्षेत्र में शासन लगातार नित नए प्रयोग कर रहे लेकिन शिक्षक लगातार उनकी अव्हेलना एवं पालन करने में लापरवाही बरत रहे हैं. जिससे शिक्षा विभाग पर प्रश्न चिह्न लग रहा है. नगर में संचालित शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल का जिला शिक्षा अधिकारी करणसिंह भिलाला द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया. जहां पर निर्धारित समय पर विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं में 11 शिक्षक शिक्षिकाएं अनुपस्थिति मिले जिनकों कारण बताओ नोटिस जारी किए गये. जिनको कारण बताओं नोटिस जारी किये गये है उनमें अर्चना त्रिपाठी, प्रियंका वर्मा, कृष्णा द्विवेदी, शशीबाला शर्मा, रामबाबू पवांर, चंदा शर्मा, राजेश गुप्ता, रमेशचंद्र वर्मा, भगवान सिंह दांगी, देवेन्द्र वर्मा, संगीता शर्मा आदि अनुपस्थिति थे.

# सन्त नामदेव की पूजा कर मनाया गुरुपूर्णिमा महोत्सव



नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 13 जुलाई, सं.** नगर में गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर नामदेव दर्जी समाज द्वारा भव्य गुरुपूजन एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन जगदीश पटेल निवास पर किया. इस अवसर पर समाजजनों ने संत शिरोमणि श्री सन्त नामदेव महाराज की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए.

शुरुआत मंगलाचरण एवं भजन कीर्तन से हुई, जिसमें समाज की महिलाओं ने भाग लिया. गुरुपूजन उपरांत संत नामदेव जी के जीवन चरित्र पर वक्ताओं ने बताया कि संत नामदेव जी ने भक्ति आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने कीर्तन व वाणी से समाज में समरसता, भक्ति और सेवा की भावना का संचार किया. समारोह में नगर के समाजबंधु उपस्थित हुए. कार्यक्रम के पश्चात प्रसादी वितरित की गई.

समाज के वरिष्ठजनों द्वारा युवाओं को समाज सेवा, शिक्षा और एकता के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में अध्यक्ष शिवप्रसाद वैध, जगदीश पटेल, महेश टेलर, मुकेश नामदेव, श्याम नामदेव, अनिल नामदेव, दिनेश नामदेव सहित अन्य समाज बंधु शामिल हुए.

# हरदा की घटना पर हाईवे जाम

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 जुलाई, का. हरदा में करणी सैनिको पर लाठी चार्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी के विरोध तथा गिरफ्तार लोगों को जल्द रिहा करने की मांग को लेकर करणी सेना द्वारा रविवार को स्थानीय बायपास पर चक्काजाम किया.**

शाम करीब 5.15 बजे बायपास पर देहात थाने के सामने चक्काजाम शुरु किया. मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा बातचीत कर समझाईश देने के बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया गया. तत्पश्चात देहात थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें कहा गया कि करणी सेना परिवार के जीवन सिंह शेरपुर सहित करणी सैनिकों को जल्द रिहा किया जाये. ज्ञापन में कहा गया कि हरदा की घटना से समाज बंधुओं में आक्राश है.



# प्रसन्न मन से प्रफुल्लित होकर खूब हंसना चाहिए

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 जुलाई, का.** आनंद संस्थान भोपाल के तत्वावधान में पंचायत खुरी में एक आनंदित कार्यशाला का आयोजन माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया.

अध्यक्षता सरपंच राधेश्याम दांगी ने की. मुख्य अतिथि शिक्षक दिलीप कुमार कसेरा रहे. अतिथि इन्दर सिंह यादव, मुकुट मिश्रा, गिरिराज गुप्ता उपस्थित रहे.

वक्ताओं ने कहा कि प्रसन्न मन से प्रफुल्लित होकर खूब हंसना चाहिए. हर हाल में खुश रहो. टेंशन न ले, योग करे. रिश्तो को निभाए, रिश्तो को सहज कर रखे. सबके दु:ख, सुख में साथ खड़े रहे. रिश्तों के बारे में बताते हुए कहा कि सहज, सरल जीवन से आनंदित रहा जा सकता है. आनंदित रहने से जीवन में कई बिमारियों को दूर किया जा सकता है. आभार रंगलाल दांगी ने माना. इस दौरान मास्टर ट्रेनर सोना अवस्थी, शिक्षिका ऊषा चौरसिया एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे.




**रथयात्रा** भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, इंद्रदेव ने भी भगवान का स्वागत जल वर्षा से किया

# रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगन्नाथ

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 13 जुलाई, सं. नगर में विगत दो वर्षों से श्री जगन्नाथ यात्रा निकाली जा रही है. इसी के तहत इस वर्ष भी राजगढ़ रोड भगवान जगन्नाथ मंदिर पर रविवार को सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा तथा बडे भाई बलराम को 56 भोग लगाया गया. तत्पश्चात प्रात: 11 बजे श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से रथयात्रा प्रारंभ हुई. जिसमें बडी संख्या में नागरिक मौजूद रहे.**



जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई. भक्तों ने भगवान जगन्नाथ रथ को अपने हाथों से रस्सियों से रथ को खींचते हुए मुख्य मार्गों से होते हुए वापस रथ लेकर जगन्नाथ मंदिर पहुंची.

इस दौरान भगवान इंद्र देव ने भी भगवान जगन्नाथ का स्वागत जल वर्षा कर किया. वहीं नगर वासियों ने भगवान जगन्नाथ यात्रा की भव्य पुष्प वर्षा से किया. इस रथयात्रा में भक्तजन गोविंद बोलो हरी गोपाल बोलो के राधा रमण हरी गोविंद बोलो, जय जगन्नाथ जय जगन्नाथ के जय कारों आदि भजनों पर भक्तजन भाव विभोर होकर भगवान की भक्ति में मस्त होकर नाचते गाते जयकारा लगाते चल रहे थे. रथयात्रा का समापन श्रीराम पेट्रोल पंप के पास स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पर हुआ. जहां भगवान की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया. इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, माता बहने उपस्थित रही साथ ही पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा.


